**घंटो मशक्खत करने के बाद बुझाई गई आग, लाखों की हुई हानी**

# इमलीखेड़ा में पाइप फैक्ट्री में लगी आग



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 23जनवरी. शहर से लगे इमलीखेड़ा के इंडस्ट्रीयल क्षेत्र में स्थित एक पाइप निर्माण फैक्ट्री में आग लग जाने से फैक्ट्री में रखा सामान जलकर खाक हो गया. आग बुझाने के लिए अलग-अलग स्थानों से 15 फायर ब्रिगेड बुलाई गई जिसके बाद करीब घंटो मशक्खत करने के बाद आग बुझाई गई.**

बता दे कि इमलीखेड़ इंडस्ट्रीयल क्षेत्र में प्रकाश गुप्ता की पाइप बनाने की फैक्ट्री है आज दोपहर अचानक फैक्ट्री में आग लग गई. आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया. फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलने के बाद नगर निगम अधिकारी सहित प्रशासनिक अमला और पुलिस की टीम भी वहां पहुंच गई. फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने के लिए नगर निगम की अग्निशमन शाखा एवं जिला परिषद की टीम करीब 15 फायर ब्रिगेड वाहनों से फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया. आग बुझाने के लिए लगातार पानी की बौछारों के साथ 20 लीटर लिक्विड फोम के 40 केन एवं अग्निशमन पाउडर का प्रयोग किया गया.

### फायर ब्रिगेड ने लगाई 8 से 10 चक्कर

बताया जा रहा है कि फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी में लगभग 5 हजार लीटर पानी आता है, और इन 15 गाड़ियों ने 8 से 10 चक्कर लगाकर पानी भरते हुए आग पर काबू पाया। घटनास्थल पर जिले के कलेक्टर हरेंद्र नारायण, एसडीएम, निगम कमिश्नर सहित जिले के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्य सहायक कुलदीप ने बताया कि आग पर नियंत्रण पा लिया गया है, हालांकि पूरी तरह से बुझाने के लिए अभी भी लगातार पानी का छिड़काव किया गया.

### शार्ट सर्किट होने की आशंका

आशंका जताई जा रही है कि फैक्ट्री में शार्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई. आब बुझाने के लिए नागपुर से फायर ब्रिगेड बुलाई गई इसके साथ ही परासिया, बडकुही, चौरई, चांद, बिछुआ, अमरवाड़ा की फायर बिग्रेड को मौके पर बुलाया गया. साथ ही टैंकरों से भी पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया गया. बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में अधिकारी भी मौजूद रहे.

### आग बुझाने में करनी पड़ी माशक्कत

प्लास्टिक के पाइप बनाए जाते थे, जिससे आग ने बेहद तेजी से विकराल रूप ले लिया. प्लास्टिक सामग्री अधिक होने के कारण आग बार-बार भडकी, जिससे फायर ब्रिगेड को आग पर नियंत्रण पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी. आग का विकराल रूप देखने के बाद प्रशासन ने आसपास के क्षेत्र को एहतियातन खाली कराया आग लगने की सूचना मिलते ही एसडीएम सुधीर जैन, निगम आयुक्त सीपी राय, जोन प्रभारी विवेक चौहान मौके पर पहुंचें और अमले को आग पर जल्द से जल्द आग पर काबू पाने सहित आसपास के एरिया को खाली करवाया .

# होटल ढाबा में आबकारी विभाग ने दी दबिश

## अलग –अलग स्थानों से 12 लीटर अवैध शराब की जब्त

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 23जनवरी. जिले में अवैध शराब विनिर्माण ,परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए आबकारी वृत्त जामई के अंतर्गत होटल ढाबों तथा इकलहरा टोल प्लाजा के पास स्थित ढाबों में आबकारी अमले के द्वारा दबिश दी गई .**

जिसमें जग्गा ढाबा,अप्पू ढाबा,अंबिका रेस्टोरेंट्स,अंबिका होटल,ईगल भोजनालय,विनोद भोजनालय से लगभग 9 लीटर तथा टोल प्लाजा स्थित टोल हवेली ढाबा एवं चंदू ढाबा से लगभग 3 लीटर कुल 12 लीटर देसी अंग्रेजी शराब बरामद कर कुल 4 प्रकरण म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915, संशोधन 2000 की धारा 36 के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया।उपरोक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी कैलाश चंद्र चौहान उपनिरीक्षक जीत सिंह धुर्वे , जामई वृत्त प्रभारी अनिकेत पटेल एवं आबकारी आरक्षक उपस्थित रहे।



## सेवादल, शहर महिला कांग्रेस ने मनाया बसंत पंचमी का पर्व

**छिन्दवाड़ा**.विद्या, बुद्धि एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती के पूजन का पर्व बसंत पंचमी राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में पूजन अर्चन कर हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। कांग्रेस सेवादल एवं शहर महिला कांग्रेस के द्वारा आयोजित दोनों ही कार्यक्रमों का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर बसंत पंचमी मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम को उपस्थित कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के द्वारा सम्बोधित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश कपाले ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सेवादल द्वारा बसंत पंचमी में मनाई गई।

# एम्बुलेंस में आक्सीजन नहीं होने से मासूम की मौत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 23जनवरी. शासकीय योजनाओं में चल रही 108 के हाल बेहाल है।आए दिन एम्बुलेंस की लापरवाही से मौत के मामले सामने आ रहे है। आए दिन एम्बुलेंसों में आक्सीजन की समस्या बनी रहती है। ये हालात ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर देखने में आते रहते है।**

शुक्रवार को भी इसी तरह का एक और मामला देखने मिला। जहां दर्दनाक हादसे में दो साल की मासूम पानी की टंकी में गिर गई। गंभीर हालत में परिजन मासूम को शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक जांच के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर खाली होने के कारण रास्ते में ही बच्ची की हालत बिगड़ने से तड़पने लगी। मजबूरी में एंबुलेंस को आधे रास्ते से वापस अस्पताल लाया गया। जहां दूसरा ऑक्सीजन सिलेंडर लगाया गया।इसके बाद बच्ची को दोबारा जिला अस्पताल भेजा गया। यह घटना अस्पताल के मैनेजमेंट और कर्मचारियों की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है।सवाल उठता है कि बिना ऑक्सीजन की जांच किए एंबुलेंस को कैसे रवाना किया गया। इस लापरवाही को लेकर परिजनों ने जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।

**एक नजर में**

## बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन संपन्न

**छिंदवाड़ा .** निनाद ललित कला समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार वसंत पंचमी के पवन अवसर पर माँ वीणापाणी का पूजन समिति के सचिव आनंद बक्षी द्वारा किया गया। निनाद ललित कला समिति के अध्यक्ष दत्तात्रय रत्नाकर एवं सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि परमात्मा ने संपूर्ण सृष्टि की रचना की परन्तु सृष्टि मौन थी तब ब्रह्मा जी से अनुमति ले कर विष्णु जी ने अपने कमंडल के जल का छिड़काव जमीन पर किया। इससे 6 भुजाओं वालो वीणा धारण किए हुए हाथ में माला एवं पुस्तक लिए हुए सरस्वती देवी का प्राकट्य हुआ। निनाद ललित कला समिति ने छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिला, मध्यप्रदेश एवं भारत से अज्ञान का अंधकार दूर कर ज्ञान के प्रकाश की कामना की है। सरस्वती के सभी साधकों की छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में निरंतर संगीत साहित्य गतिविधियों की मंचीय प्रस्तुति का संकल्प किया गया।



## 9 युवाओं का इंडिगो एयरलाइन्स के लिए हुआ चयन

**छिन्दवाड़ा** .जिले के युवाओं को शिक्षा और रोजगार से जोड़ने हेतु संकल्पबद्ध मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के अथक व सतत प्रयासों से राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में इंडिगो एयरलाइन्स के साक्षात्कार सम्पन्न हुए। जिसमें जिलेभर के युवाओं ने हिस्सा लिया। देश की अग्रणी एयरलाइन्स इंडिगो के लिए आयोजित साक्षात्कार में उपस्थित युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा की मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ लगातार युवाओं के कॅरियर के लिए प्रयास कर रहे। उनके प्रयासों का ही परिणाम है की नामी कंपनियों द्वारा अब तक बड़े शहरों में ही नौकरी हेतु साक्षात्कार आयोजित किए जाते थे, किन्तु अब छिंदवाड़ा में नामी कंपनियां युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। हमारे लिए बड़े गर्व की बात है की छिंदवाड़ा के युवाओं को इंडिगो एयरलाइन्स का साक्षात्कार देने का अवसर मिल रहा है। युवा इसका पूरा लाभ लेवें। साक्षात्कार के अवसर सतत रूप से माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी की ओर से जिले के युवाओं को प्राप्त होते रहेंगे। शेष युवाओं को भविष्य में अन्य कम्पनियों में भी साक्षात्कार का अवसर प्रदान किया जाएगा। इंडिगो एयरलाइन्स में एयरपोर्ट ऑपरेशन्स-कस्टमर सर्विसेज के पद पर चयनित काजल माहोरे ने साक्षात्कार प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी युवाओं को प्रदान की। तत्पश्चात उपस्थित युवाओं का इंडिगो एयरलाइन्स की ऑफिसियल वेबसाइट में पंजीयन कर ऑनलाइन टेस्ट सोनी कंप्यूटर एजुकेशन में आयोजित किया जाकर उत्तीर्ण युवाओं का कंपनी के सीनियर एचआर द्वारा ऑफलाइन साक्षात्कार लिए जाकर चयनित किया गया।

# चंडीगढ़ में मिली गुम हुई बालिका

## पुलिस ने बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर लौटाई खुशी

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 23जनवरी. थाना अमरवाड़ा क्षेत्र से गुम हुई बालिका को विशेष पुलिस की टीम ने चंडीगढ़ से बरामद कर अमरवाड़ा ले आई. पुलिस ने बालिका को उसके परिजनों को सौंप कर उन्हें उनकी खुशियां लौटा दी.**

पुलिस ने बताया कि ग्राम कहुआ निवासी शेरसिंह पिता फागुलाल राठौर ने 1 दिसंबर 2025 को थाना अमरवाड़ा जाकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी पुत्री 28 नवंबर 2025 को घर से बिना बताए चली गई है, जिसका कोई पता नहीं चल रहा है जिस पर अमरवाड़ा में गुम इंसान दर्ज किया था. उक्त में गुमशुदा का कोई भी सुराग न लगने व परिजनों द्वारा अप्रिय घटना की आशंका व्यक्त करने पर पुलिस अधीक्षक अजय पांडे तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में एसडीओपी अमरवाड़ा श्रीमती कल्याणी वरकडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमरवाड़ा राजेंद्र धुर्वे द्वारा घटना को स्वयं संज्ञान लेते हुए हुए विशेष टीम गठित कर गुमशुदा की तलाश पता साजी संघनता से शुरू कर दी. गुमशुदा की तलाश कर रही पुलिस टीम ने सूक्ष्मता से जांच करते हुए चंडीगढ़ पहुंची . पुलिस टीम ने चंडीगढ़ के थाना 31 सेक्टर अंतर्गत फैदा स्लम एरिया से बालिका को बरामद कर अमरवाड़ा ले आई और उसे उसके परिजनों को सौंप दिया. बालिका के मिल जाने पर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी. उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक चेतन मर्सकोले, प्र.आर. जय सिंह, करण रघुवंशी एवं म.आर. अंजली थाना अमरवाड़ा का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

## रोजगार मेला में 32 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**छिंदवाड़ा.** शासकीय आदिवासी महिला आईटीआई कॉलेज के परिसर में आयोजित रोजगार मेले के दौरान लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद 32 युवक-युवतियों का चयन कमिन्स, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टोयोटा कंपनियों के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को बेंगलुरू, पुणे एवं अहमदाबाद में अपनी सेवाएं देने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्राचार्य दिनेश कुमार ने कहा कि हमारी संस्था केवल गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा ही नहीं, बल्कि रोजगार प्राप्ति तक विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को वर्तमान समय का उज्ज्वल भविष्य वाला क्षेत्र बताया। उप प्राचार्य नलिन तिवारी ने विद्यार्थियों से छोटे अवसरों का भी पूर्ण उपयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि हर बड़ी सफलता की शुरुआत एक छोटे कदम से होती है।

# नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 23जनवरी. आज नगर निगम अमले के द्वारा खजरी शासकीय स्कूल के सामने किए गए अतिक्रमण को हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया गया।**

इसके अतिरिक्त खजरी से खजरी चौराहा होते हुए एसपी बंगले तक सड़क के दोनों ओर कुछ दुकानदारों द्वारा बांस-बल्ली एवं तिरपाल लगाकर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधित दुकानदारों को भविष्य में पाल, पर्दे एवं तिरपाल न लगाने की समझाइश दी गई। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया कि सार्वजनिक मार्गों एवं शासकीय परिसरों पर अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है, और आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# पशु चिकित्सकों को लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश

## उप संचालक ने की जिला के पशु चिकित्सकों के कार्यों की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 23जनवरी. उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा जिले के सभी पशु चिकित्सकों की बैठक लेकर कार्य की समीक्षा की गई। बैठक में सभी पशु चिकित्सकों को कड़े निर्देश देते हुए विभागीय लक्ष्य के अनुसार लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिले के सभी पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी एवं पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ उपस्थित थे।**



बैठक में छिंदवाड़ा/पांढुर्णा के सभी पशु चिकित्सकों को जिला कार्यालय आने पर अधिकारी/कर्मचारी को अपना नाम एवं आने का प्रयोजन पंजी में दर्ज करने, सार्थक एप में नियमित एवं शासन द्वारा निर्धारित समय पर उपस्थिति दर्ज करने, केसीसी के आवेदन लक्ष्यानुसार बैंकों में जमा कराकर एवं बैंको से समन्वय स्थापित कर केसीसी आवेदन स्वीकृत कराने, वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित ग्राम में शत-प्रतिशत कार्य तथा प्रति सप्ताह रिपोर्टिंग करने, स्टेट बैकयार्ड योजना के लक्ष्य के अनुसार आवेदन पूर्ण कर सभी विकासखण्ड के व्हीईओ को तत्काल आवेदन प्रस्तुत करने, कड़कनाथ योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुसार आवेदन पूर्ण कर सभी विकासखण्ड के व्हीईओ को तत्काल आवेदन प्रस्तुत करने, ए.व्ही.यू. के 5 केस प्रतिदिन अटेंड करने, सीएम हेल्पलाइन पूर्णत: अटेंड करने तथा संतुष्टिपूर्वक बंद कराने, क्षीर धारा योजना के अंतर्गत कार्य करने, डॉ.भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत सभी व्हीईओ , व्हीएएस की ड्यूटी बैंकवार लगाई गई तत्काल बैंक प्रबंधकों से संर्पक कर प्रकरण स्वीकृत कराने, बकरी ईकाई के प्रकरण लक्ष्य के अनुरूप प्रस्तुत करने, आचार्य विद्यासागर योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण प्रेषित करने, एनएआईपी योजना के अंतर्गत सभी अधिकारी, कर्मचारी लक्ष्य के अनुरूप समयावधि में लक्ष्य पूर्ण करने, सेक्सड सार्टेड सीमन से ए आई करने तथा पशुपालकों को इससे अवगत कराने, सभी संस्थाओं में अभिलेख पूर्ण कर रखने एवं ऑडिट के समय सम्पूर्ण अभिलेख ऑडिटरों से ऑडिट कराने, एटीपी एण्डवांस टूर प्रोग्राम सभी व्हीईओ, व्हीएएस तथा एव्हीएफओ उपसंचालक कार्यालय को प्रेषित करने एवं सभी व्हीईओ अपने अधीनस्थ एव्हीएफओ एवं गौसेवक मैत्री की मीटिंग लेकर कृत्रिम गर्भाधान कार्य की एंट्री कराते हुए लक्ष्य पूर्ण कराने के लिये निर्देश दिए गए।

# पीएम स्वनिधि : 1 लाख लाभार्थियों तक क्रेडिट कार्ड पहुंचने की योजना

**नगर निगम कार्यालय में प्रधान मंत्री के कार्यक्रम का किया गया प्रसारण**



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 23जनवरी. नगर निगम सभागार में प्रधानमंत्री द्वारा तिरुवनंतपुरम में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शुभारंभ का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर वित्तीय समावेशन के तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि ( पीएम स्वनिधि ) योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड एवं ऋण वितरण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी गई कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत 1 लाख लाभार्थियों तक क्रेडिट कार्ड और ऋण सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के माध्यम से देशभर में लाखों स्ट्रीट वेंडर्स को पहली बार बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है और उन्हें स्वरोजगार के लिए ऋण की सुविधा मिली है। भारत सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत अब स्ट्रीट वेंडर्स को क्रेडिट कार्ड प्रदान करने की पहल की है। वर्तमान में इस क्रेडिट कार्ड की सीमा 30 हजार रुपये निर्धारित की गई है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 1 लाख रुपये किया जाएगा। योजना के तहत 30 हजार रुपये तक की राशि पर 45 दिनों तक कोई ब्याज नहीं लगेगा। यदि किसी कारणवश 45 दिनों के भीतर राशि जमा नहीं की जाती है, तो उस पर मात्र 0.7 प्रतिशत ब्याज देय होगा।

नगर निगम सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 100 स्ट्रीट वेंडर्स ने पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया। आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, समग्र आईडी तथा शहरी कामगार पोर्टल पर वेंडर का पंजीकरण अनिवार्य बताया गया।

इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के दिशा-निर्देश में किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त आर.एस. बाथम,सिटी मिशन मैनेजर उमेश पयासी सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स उपस्थित रहे।

# पत्नी से विवाद के बाद से डाक्टर लापता

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 23जनवरी .सिम्स में पदस्थ एक डाक्टर का बीती रात पत्नी से जमकर विवाद हो गया। विवाद के बाद अल सुबह से डाक्टर घर से निकल गए। इस मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

जानकारी अनुसार डॉ विकास रंगारे सिम्स में हेड मेडिसिन विभाग में पदस्थ है। बीती रात उनका पत्नी से जमकर विवाद हो गया। विवाद के बाद अल सुबह करीब 4 बजे वह घर से बाहर निकल गए। उसके बाद जब डॉ दोपहर तक नहीं पहुंचे, तो परिजनों को चिंता सताने लगी। उन्होंने रिस्तेदार, दोस्तों में पतासाजी की। इसके बाद भी कोई जानकारी नहीं मिली। इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले को लेकर सीसीटीवी खंगाल रही है। समाचार लिखे जाने तक डाक्टर की कोई जानकारी नहीं मिली। उनकी पत्नी इस मामले को लेकर परेशान होती रही।डाक्टर और उनकी पत्नी का यह कोई पहली बार विवाद नहीं था। इसके पहले दोनों के बीच विवाद हो चुके है। विवादों को लेकर अक्सर इनका परिवार चर्चा में बना हुआ था। हालांकि बीती रात का विवाद कुछ ज्यादा ही हो गया था। जिसके बाद डाक्टर ने यह कदम उठाया है।इस मामले को लेकर आसपास के अन्य परिवारों ने दोनों को समझाने की कोशिश की लेकिन इसके बाद भी विवाद नहीं थमा।


**मन स्पर्श माइंड केअर क्लिनिक**

**डॉ. तुषार ताल्हन**
M.B.B.S, M.D.
(NEURO-PSYCHIATRY)
एक्स रेसीडेंड लोकमान्य तिलक सायन हॉस्टिपल, मुंबई

मस्तिष्क, मनोरोग, सेक्स रोग, मिर्गी एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ

संपर्क करें- 8109790451

मिलने का समय
दोप. 2.30 से 5 बजे तक एवं शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध सुविधाएं
- नशामुक्ति (शराब, तंबाकू, अफीम, गांजा, भांग, चरस इत्यादि)
- सरदर्द माइग्रेन
- नींद की बीमारिया
- ईईजी जांच सुविधा
- बुद्धि की जांच
- डिप्रेशन, ओ.सी.डी.
- दौरे/मिर्गी की बीमारी
- सिजेफ्रेनिया
- बेवजह गुस्सा एवं व्यवहार की समस्याएं
- पारिवारिक/वैवाहिक कलह-परामर्श
- बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
- बायोफीडबैक रिलैक्शन थैरेपी (बिना दवाईयों के स्ट्रेस हटाने की थैरेपी)

पता- सेंट्रल एवेन्यू कॉम्पलेक्स, पतंजली शोरूमे बाजू में एचपी पेट्रोल पंप के सामने, परासिया रोड छिंदवाड़ा

**नाड़ी परिक्षण ईलाज**
(1) लकवा, बिपी, शुगर, दारू छोड़ना, पाथरी, मानसिक रोग, स्त्री रोग, सर दर्द, चक्कर , दुबलापन रोग, हड्डी जोड़, दमश्वास, टिबी कैन्सर आदि व अन्य इलाज किया जाता है.
पंजीयन क्रमांक-24825/25
वैध श्री, धर्मेन्द्र बनारसे
मु. घडेला तह.सौंसर
जिला पादुरना (म.प्र.)
मोबा. 8305876287



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589